सीएसआईआर-राष्ट्रीय भूभौतिकीय अनुसंधान संस्थान

उप्पल रोड, हैदराबाद – 500 007

वेबसाइट: www.ngri.org.in

ई-मेल: career@ngri.res.in

सीएसआईआर-एनजीआरआई विज्ञापन संख्या: 7/2017 दिनांकित 16.11.2017

ऑनलाइन आवेदन के प्रारंभ की तिथि: 30.11.2017 (गुरुवार)

ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि: 31.12.2017(रविवार)

विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी में अनुसंधान व्यवसाय के लिए एक अद्वितीय अवसर

उम्मीदवारों को बलपूर्वक सलाह दी जाती है कि ऑनलाइन आवेदन के प्रस्तुतीकरण की अंतिम तिथि की प्रतीक्षा किए बिना समय पर ऑनलाइन आवेदन करें।

सीएसआईआर-राष्ट्रीय भूभौतिकीय अनुसंधान संस्थान (सीएसआईआर-एनजीआरआई), हैदराबाद वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसंधान परिषद् (सीएसआईआर) के अंतर्गत एक प्रतिष्ठित अनुसंधान एवं विकास संस्थान है, जो कि भारत की जनता के आर्थिक, पर्यावरणीय और सामाजिक लाभों के लिए वैज्ञानिक शाखाओं में दोनों मूल एवं अनुप्रयुक्त प्रकृति के बहुविषयी अनुसंधान एवं विकास कार्यक्रमों में कार्यरत है। यह संस्थान हाइड्रोकार्बन एवं खनिज अन्वेषण, भूजल, भूकंप विज्ञान तथा प्राकृतिक संकट, भूगतिकी, भूरसायनिकी और भूकालानुक्रम विज्ञान, पृथ्वी प्रक्रिया प्रतिरूपण आदि बहुविषयी पृथ्वी विज्ञान अनुसंधान कार्यक्रमों को संपन्न करने वाला एक उत्कृष्टता केंद्र है।

नीचे दिए गए विवरण के अनुसार वैज्ञानिक / वरिष्ठ वैज्ञानिक के निम्नलिखित पदों को भरने के लिए, उत्कृष्ट अकादमिक रिकार्ड तथा प्रमाणित वैज्ञानिक उपलब्धियों के साथ आवश्यक अनुभव और उच्च कोटि के अभिप्रेरण रखने वाले और ठोस पृथ्वी विज्ञान के क्षेत्र में अनुसंधान को एक व्यवसाय के रूप में स्वीकार करने की इच्छा रखने वाले उत्साहपूर्ण, युवा भारतीय अनुसंधानकर्ताओं से आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं:

<u>कुल रिक्तियाँ 17: [4 न भरी गई रिक्तियों सहित]</u>

पद कोड	पदों के नाम	पदों की संख्या	**ऊपरी आयु सीमा	वेतन) 7वीं कें (.आ.वे.	##अनिवार्य शैक्षिक योग्यता एवं अनुभव	वांछनीय	कार्य विवरण
एस-1	वैज्ञानिक	<u>कुल: 14</u> अना.: 6 अ.पि.व.: 5* अनु.जा.: 1 अनु.जा.ज.: 2* *(1 अ.पि.व. पद एवं 1 अनु.ज.जा. पद न भरे गए पद हैं।)	32 वर्ष	स्तर -11 वेतन मैट्रिक्स में [₹.67700-208700] {कुल परिलब्धियाँ: ₹.83,948} #	भूभौतिकी में पीएच.डी. (प्रस्तुत/प्राप्त)	संबंधित विषय क्षेत्र में समकक्षीय-समीक्षा के जर्नलों में वैज्ञानिक शोध पत्रों के प्रकाशन के माध्यम से मूल और अनुप्रयुक्त अनुसंधान में प्रदर्शित उत्कृष्टता।	दिष्ट धारा प्रतिरोधकता/ विद्युत चुंबकीय/ मैग्नेटोटेलूरिक/भूतापीय/ जीपीएस/गुरुत्व एवं चुंबकीय/भूकंपी/भूकंप विज्ञान/पुराचुंबकत्व/पृथ्वी प्रक्रिया प्रतिरूपण के विषय क्षेत्र में अनुसंधान एवं विकास
	वरिष्ठ वैज्ञानिक		37 वर्ष	स्तर -12 वेतन मैट्रिक्स में [₹.78800-209200] {कुल परिलब्धियाँ: ₹.97,712} #	संबंधित क्षेत्र में दो वर्ष अनुभव के साथ भूभौतिकी में पीएच.डी.		
एस2-	वैज्ञानिक	<u>कुल: 3</u> अना.: 1 अनु.जा.: 1* अनु.जा.ज.: 1* *(1 अनु.जा. पद एवं 1 अनु.ज.जा. पद न भरे गए पद हैं।)	32 वर्ष	स्तर -11 वेतन मैट्रिक्स में [₹.67700-208700] {कुल परिलब्धियाँ: ₹.83,948} #	भूविज्ञान / भूरसायनिकी में पीएच.डी (प्रस्तुत/प्राप्त)	संबंधित विषय क्षेत्र में समकक्षीय-समीक्षा के जर्नलों में वैज्ञानिक शोध पत्रों के प्रकाशन के माध्यम से मूल और अनुप्रयुक्त अनुसंधान में प्रदर्शित उत्कृष्टता।	पुराचुंबकत्व/संरचनात्मक भूविज्ञान/उपग्रह आँकड़ों का उपयोग करके सक्रिय विवर्तनिक अध्ययन/ भूरासायनिक अन्वेषण/ समस्थानिक एवं पर्यावरणीय अध्ययन के विषय क्षेत्र में अनुसंधान एवं विकास
	वरिष्ठ वैज्ञानिक		37 वर्ष	स्तर -12 वेतन मैट्रिक्स में [₹.78800-208700] {कुल परिलब्धियाँ: ₹.97,712} #	संबंधित क्षेत्र में दो वर्ष अनुभव के साथ भूविज्ञान / भूरसायनिकी में पीएच.डी.		

संक्षेपाक्षर: अना.: अनारक्षित; अनु.जा.: अनुसूचित जाति; अनु.ज.जा: अनुसूचित जनजाति; अ.पि.व. अन्य पिछड़ा वर्ग; कें.वे.आ.: केन्द्रीय वेतन आयोग

** भारत सरकार के नियमों के अनुसार ऊपरी आयु सीमा छूट देने योग्य है।

कुल परिलब्धियों का अर्थ ' एक्स ' वर्ग नगर में मकान किराया भत्ता सहित वेतनमान के न्यूनतम पर अनुमानित कुल परिलब्धियाँ है।

उपर्युक्त उल्लिखित योग्यताओं के अलावा, किसी भी अन्य मान्यता प्राप्त योग्यता को, जो निर्धारित योग्यता के समतुल्य है, उस योग्यता के समतुल्य पर माना जाएगा।

कार्य विवरण के अलावा, जैसा कि इस विज्ञापन में उल्लेख किया गया है, चयनित उम्मीदवार को भारत में किसी भी जगह किसी भी सीएसआईआर प्रयोगशाला / संस्थान या उसके क्षेत्रीय स्टेशन (नों) में किसी भी अनुभाग / प्रभाग में काम करने के लिए, निदेशक, सीएसआईआर-एनजीआरआई के विवेकाधीन, तैनात किया जाएगा।

सीएसआईआर- एनजीआरआई ऐसे कार्य-बल को रखने के लिए प्रयास करता है जो कि स्त्री-पुरुष संतुलन को दर्शाता है और महिला उम्मीदवारों को आवेदन करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है।

भारत सरकार/सीएसआईआर अनुदेशों के अन्तर्गत निर्धारित पात्रता शर्तों को पुरा करने वाले विकलांगता से ग्रस्त व्यक्तियों को आवेदन करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है।

उपर्युक्त पद निम्नलिखित तालिका में उल्लेख किए गए वर्गों के अन्तर्गत विकलांगता से ग्रस्त व्यक्तियों के लिए उपयुक्त हैं:

पद कोड	शारीरिक आवश्यकता	विकलांगता से ग्रस्त व्यक्ति का वर्ग
एस-1, एस2-	एस.एसटी.बीएन.एमएफ.एसई.आरडब्ल्यू.केसी.एच.सी.डब्ल्यू	ओए.ओएल.एचएच

संक्षेपाक्षर: एस=बैठना, एसटी=खड़ा होना, बीएन=झुकना, एमएफ=अंगुलियों द्वारा व्यवहार करना, एसई=देखना, आरडब्ल्यू=पढ़ना और लिखना, केसी=घुटनों पर बैठना और पकड़ना, एच=सुनना, सी=संप्रेषण करना, डब्ल्यू=चलना, पीडब्ल्यूडी= विकलांगता से ग्रस्त व्यक्ति, ओए=एक बांह, ओएल=एक टाँग, एचएच=सुनने की विकलांगता

नोट: विकलांगता से ग्रस्त व्यक्ति के वर्ग के अंतर्गत किसी उम्मीदवार को नियुक्ति के लिए तभी पात्र माना जाएगा, जब वह (जैसा कि सीएसआईआर/भारत सरकार नियमों के अनुसार नियुक्ति प्राधिकारी निर्धारित करने वाली ऐसी शारीरिक परीक्षा के बाद) सीएसआईआर-एनजीआरआई द्वारा विकलांगता से ग्रस्त व्यक्तियों को आबंटित किए जाने वाले संबंधित पद(दों) के लिए शारीरिक और चिकित्सा मानकों की आवश्यकताओं को पूरा कर पाता है।

1. परिषद् सेवा के अंतर्गत लाभ:

क) इन पदों के लिए केंद्रीय सरकारी कर्मचारियों के लिए स्वीकार्य और सीएसआईआर के लिए लागू किए गए सामान्य भत्ते, यानी महंगाई भत्ता (डी ए), मकान किराया भत्ता (एच आर ए), परिवहन भत्ता (टी ए) आदि दिए जाते हैं। परिषद् कर्मचारी सीएसआईआर आबंटन नियमों के अनुसार उपलब्धता पर निर्भर होकर उनके हकदारी प्रकार के आवास के लिए पात्र हैं, ऐसी स्थिति में मकान किराया भत्ता स्वीकार्य नहीं होगा।

ख) प्रत्येक वर्ग के पदों के सामने दर्शाई गई परिलब्धियों के अलावा, सीएसआईआर के नियमों के अनुसार, नई पेंशन योजना 2004 की प्रयोज्यता, चिकित्सा व्यय की प्रतिपूर्ति, छुट्टी यात्रा रियायत, वाहन अग्रिम और गृह निर्माण अग्रिम जैसे लाभ उपलब्ध हैं।

ग) सीएसआईआर में वैज्ञानिकों को परामर्श और प्रायोजित अनुसंधान एवं विकास परियोजना गतिविधि भी करने की अनुमति दी जाती है। ये गतिविधियाँ उनको इन गतिविधियों को संचालित करने वाले सीएसआईआर के दिशा-निर्देशों के अनुसार परामर्श शुल्क और मानदेय अर्जित करने का अवसर प्रदान करती हैं। प्रशिक्षण/शोधपत्र प्रस्तुतीकरण/विशिष्ट कार्यों के लिए विदेशी प्रतिनियुक्तियों के लिए भी अवसर उत्पन्न होते हैं।

घ) सीएसआईआर वैज्ञानिकों के लिए मूल्यांकन पदोन्नति योजना के तहत योग्य उम्मीदवारों को कैरियर उन्नयन के लिए उत्कृष्ट अवसर प्रदान करता है।

ङ) सीएसआईआर नियमों के अनुसार योग्य उम्मीदवारों को अग्रिम वेतन वृद्धि देने के संबंध में विचार किया जा सकता है।

2. सामान्य शर्तें:

क) आवेदक भारत का नागरिक होना चाहिए।

ख) सभी आवेदकों को ऑनलाइन आवेदन के प्रस्तुतीकरण के लिए अंतिम तिथि तक विज्ञापन में निर्धारित की गई पद की अनिवार्य आवश्यकताओं और अन्य शर्तों को पूरा करना होगा। उन्हें आवेदन करने से पहले स्वयं को संतुष्ट करने की सलाह दी जाती है कि वे ऑनलाइन आवेदन के प्रस्तुतीकरण के लिए अंतिम तिथि तक कम से कम विविध पदों के लिए निर्धारित अनिवार्य योग्यताएँ रखते हैं। पात्रता के बारे में सलाह पूछने की किसी भी प्रकार की पूछताछ पर विचार नहीं किया जाएगा।

निर्धारित अनिवार्य योग्यताएँ न्यूनतम हैं और केवल उनको रखना उम्मीदवारों को साक्षात्कार के लिए बुलाने के लिए हकदार नहीं बनाता है। विधिवत् रूप से गठित छानबीन समिति उम्मीदवारों की लघु सूची बनाने के लिए अपना मानदंड अपनाएगी। इसलिए, उम्मीदवार न्यूनतम निर्धारित योग्यता से बढ़कर प्रासंगिक क्षेत्र में दस्तावेजों द्वारा समर्थित सभी योग्यताएँ और अनुभवों का उल्लेख आवेदन पत्र में करें। पीएच.डी. उपाधि की समाप्ति अस्थायी प्रमाणपत्र / अधिसूचना जारी करने की तिथि से गिनी जाएगी।

ग) निर्धारित योग्यताएँ मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालयों / संस्थानों आदि से प्राप्त की गई होनी चाहिए।

घ) उत्पाद विकास / प्रौद्योगिकी नवप्रवर्तन / अनुप्रयुक्त प्रौद्योगिकी / रूपांतरणीय अनुसंधान इत्यादि में शामिल उम्मीदवारों को प्राथमिकता दी जाएगी।

ङ) अनिवार्य योग्यताओं में समतुल्य वाक्यांश के विषय में, यदि कोई उम्मीदवार किसी विशेष योग्यता को विज्ञापन की आवश्यकता के अनुसार समतुल्य योग्यता के रूप में दावा कर रहा है, तो, उम्मीदवार को इस संबंध में, उस प्राधिकारी को (संख्या एवं तिथि के साथ), जिसके तहत उसे ऐसा माना गया है, सूचित करते हुए आदेश/पत्र प्रस्तुत करना होगा, अन्यथा आवेदन को अस्वीकार किया जा सकता है।

च) साक्षात्कार के लिए उम्मीदवारों की लघु सूची बनाने के लिए वैध अनुभव को परिकलित करते समय उम्मीदवार द्वारा अंशकालिक आधार पर, दैनिक मजदूरी पर, अभ्यागत/अवैतनिक संकाय के रूप में किए गए अनुभव की अवधि को गिना नहीं जाएगा।

छ) यदि किसी दस्तावेज/प्रमाणपत्र हिन्दी या अंग्रेजी को छोड़कर किसी अन्य भाषा में प्रस्तुत किया गया हो, तो राजपत्रित अधिकारी या नोटरी द्वारा विधिवत् रूप से अनुप्रमाणित उसके प्रतिलेख को अपलोड करना होगा।

ज) ऊपरी आयु सीमा, योग्यताएँ और/या अनुभव निर्धारित करने के लिए तिथि वही होगी जो ऑनलाइन आवेदनों को प्रस्तुत करने के लिए नियत अंतिम तिथि है।

झ) कार्य के किसी विषय विशेष/क्षेत्र में अनुभव की अवधि को, जहाँ भी अपेक्षित हो, उस पद के लिए निर्धारित न्यूनतम निर्धारित योग्यताएँ हासिल करने की तिथि के बाद से गिना जाएगा।

ञ) यदि कोई उम्मीदवार विदेश में रह रहा है, तो उसके लिखित अनुरोध पर उसकी उम्मीदवारी को चयन समिति द्वारा *अनुपस्थिति में* माना जा सकता है।

ट) उम्मीदवार के निष्पादन के आधार पर और विनिर्दिष्ट किए गए न्यूनतम पात्रता मानदंडों को पूरा करने के अधीन चयन समिति उम्मीदवार को किसी भी स्तर (वेतन मैट्रिक्स का स्तर 11 या स्तर 12) में रखने के संबंध में निर्णय कर सकती है ।

ठ) साक्षात्कार के लिए पात्र पाए गए और बुलाए गए केवल बाह्य स्थान के उम्मीदवारों को यात्रा करने की वास्तविक जगह से या उनके निवास की सामान्य जगह से, जो भी सिकंदराबाद / हैदराबाद रेलवे स्टेशन या साक्षात्कार के स्थान के नजदीक है, रेल टिकटें / रेल टिकट संख्याएं या यात्रा का कोई अन्य प्रमाण प्रस्तुत करने पर आने और जाने का एकल द्वितीय श्रेणी रेल किराया भुगतान किया जाएगा।

ड) सभी पदों को या उसके एक हिस्से को न भरने का अधिकार सीएसआईआर-एनजीआरआई रखता है, यदि वह ऐसा चाहता है तो। ऊपर सूचित रिक्तियों की संख्या अनंतिम है और वास्तविक चयन के समय बढ़ या घट सकती है।

ढ) आवेदन में दी गई सूचना और मूल दस्तावेजों में स्पष्ट सूचना के बीच पाई गई कोई भी विसंगति, साक्षात्कार में उपस्थित होने के लिए उम्मीदवार को अपात्र बना देगी। ऐसे उम्मीदवार को किसी भी किराये का भुगतान नहीं किया जाएगा

ण) पात्रता, आवेदनों की स्वीकृति या अस्वीकृति, चयन विधि, परीक्षा / साक्षात्कार के संचालन से संबंधित सभी मामलों में सीएसआईआर-एनजीआरआई का निर्णय अंतिम होगा और उम्मीदवारों पर बाध्यकारी होगा।

3. छूट:

क) ऊपरी आयु सीमा में लागू सरकारी आदेशों के अनुसार, साक्षात्कार के समय निर्धारित प्रारूप में विनिर्दिष्ट प्राधिकारी द्वारा हस्ताक्षर किए गए प्रासंगिक प्रमाण पत्र (मूल रूप में) को प्रस्तुत किए जाने पर अनुसूचित जाति / अनुसूचित जनजाति के लिए 5 साल और अन्य पिछड़े वर्ग के लिए 03 साल तक की छूट केवल उन मामलों में दी जा सकती है जहाँ पद उन वर्गों के लिए आरक्षित हैं।

ख) ऊपरी आयु सीमा में सीएसआईआर प्रयोगशालाओं / संस्थानों, सरकारी विभागों, स्वायत्त निकायों और सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रमों में कार्यरत नियमित कर्मचारियों के लिए भी 5 साल तक की छूट दी जा सकती है।

ग) विधवाओं, तलाकशुदा महिलाओं और पतियों से न्यायिक रूप से अलग हुई महिलाओं के लिए आयु छूट (भारत सरकार के प्रावधानों के अनुसार): ऊपरी आयु सीमा में छूट 35 साल की उम्र तक [अनुसूचित जाति / अनुसूचित जनजाति के सदस्यों के लिए 40 वर्ष तक और अन्य पिछड़े वर्ग (गैर-समुन्नत वर्ग) से संबंधित सदस्यों के लिए 38 वर्ष तक उनके लिए आरक्षित पदों के विषय में], विधवाओं, तलाकशुदा महिलाओं और पतियों से न्यायिक रूप में अलग हुई महिलाओं के लिए, जो पुनर्विवाहित नहीं हैं, दी जा सकती है। इस उप-पैरा के तहत आयु में छूट का दावा करने वाले व्यक्तियों को निम्नलिखित दस्तावेजी प्रमाण प्रस्तुत करने होंगे:

(i) विधवाओं के मामले में: उनके पति के मृत्यु प्रमाण-पत्र के साथ इस हेतु शपथ-पत्र के साथ कि तब से उन्होंने पुनर्विवाह नहीं किया है।

(ii) तलाकशुदा महिलाओं और पतियों से न्यायिक रूप में अलग हुई महिलाओं के मामले में: तलाक या न्यायिक अलगाव, जैसी स्थिति हो, के तथ्य को सिद्ध करने के लिए उचित न्यायालय के फैसले / डिक्री की एक प्रमाणित प्रति और तलाकशुदा महिलाओं के विषय में इस हेतु एक शपथ-पत्र के साथ कि तब से उन्होंने पुनर्विवाह नहीं किया है।

घ) **विकलांगता से ग्रस्त व्यक्तियों (पी डब्ल्यू डी) के लिए आयु छूट:** संबंधित वर्गों की विकलांगता से ग्रस्त व्यक्तियों द्वारा धारण किए जाने हेतु उपयुक्त माने गए पदों के लिए प्रासंगिक नियमों के अनुसार, उन विकलांग व्यक्तियों के लिए 10 साल की आयु छूट अनुमत है। इस उप-पैरा के तहत आयु में छूट का दावा करने वाले व्यक्तियों को अपने दावे के समर्थन में, निर्धारित प्रपत्र में, स्पष्टतः यह दर्शाते हुए कि शारीरिक अपंगता की मात्रा 40% या अधिक है, एक प्रमाणपत्र प्रस्तुत करना होगा।

ङ) असाधारण रूप से योग्य उम्मीदवारों के मामलों में या पदों को भरने हेतु अपेक्षित योग्यता और / या अनुभव रखने वाले उम्मीदवार यदि पर्याप्त संख्या में उपलब्ध नहीं हैं, तो निर्धारित सीमा से बढ़कर उम्र में, शैक्षणिक योग्यता और / या अनुभव में छूट देने के संबंध में विचार किया जा सकता है

च) संबंधित प्राधिकारी से प्रासंगिक प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने पर, 01-01-1980 से 31-12-1989 तक की अवधि के दौरान जम्मू एवं कश्मीर राज्य के कश्मीर संभाग में सामान्यतः अधिवासी थे, को भी पांच साल की छूट अनुमेय होगी।

4. कैसे आवेदन करें:

क) पात्र उम्मीदवारों को सीएसआईआर-एनजीआरआई वेबसाइट www.ngri.org.in के माध्यम से **ऑनलाइन** आवेदन करना होगा। आवेदन की किसी अन्य विधि पर विचार नहीं किया जाएगा।

ख) प्रत्येक के लिए रु. 100/- के अपेक्षित आवेदन शुल्क, जहां भी लागू हो, के साथ, हरेक अलग-अलग पद कोड से जुड़ी सभी पात्रता मानदंडों को पूरा करने के अधीन, एक से अधिक पोस्ट कोड के लिए आवेदन करने के इच्छुक उम्मीदवारों को **प्रत्येक पद कोड के लिए अलग आवेदन** प्रस्तुत करना होगा,

ग) उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि आवेदन को ऑनलाइन भरने के लिए सावधानी से अनुदेशों (सीएसआईआर-एनजीआरआई वेबसाइट www.ngri.org.in पर उपलब्ध हैं।) को पढ़ें।

घ) ऑनलाइन आवेदन, सीएसआईआर-एनजीआरआई वेबसाइट www.ngri.org.in पर उपलब्ध होगा **(30.11.2017 (गुरुवार) को सुबह 9:30 बजे से खुलता है और 31.12.2017 (रविवार) को शाम 23:59 बजे बंद होता है।)**

ङ) उम्मीदवारों को रु. 100/- रुपए ऑनलाइन आवेदन में भुगतान विकल्प के अंतर्गत उपलब्ध लिंक के माध्यम से ऑनलाइन भुगतान करना होगा। आवेदन शुल्क की कोई अन्य भुगतान विधि ग्राह्य नहीं है। **अनुसूचित जाति / अनुसूचित जनजाति / विकलांगता से ग्रस्त व्यक्ति / महिलाओं / सीएसआईआर के कर्मचारियों / विदेश में रह रहे उम्मीदवारों को आवेदन शुल्क के भुगतान से छूट दी गई है।**

च) उम्मीदवार को अपना हाल ही का पासपोर्ट आकार का स्कैन किया हुआ फोटो (20-50 केबी) और काली स्याही में अपने स्कैन किए हुए हस्ताक्षर (10-20 केबी) को 'जेपीजी' प्रारूप में ऑनलाइन आवेदन में उनके लिए विनिर्दिष्ट संबंधित स्थानों पर अपलोड भी करना होगा।

छ) सीजीपीए / एसजीपीए / ओजीपीए ग्रेड आदि प्रदान करने वाले विश्वविद्यालयों / संस्थानों के मामले में, उम्मीदवारों को उसे अपने विश्वविद्यालय / संस्थान के सूत्र के आधार पर प्रतिशतता में परिवर्तित करना होगा और इस तरह पाए गए प्रतिशत का उल्लेख ऑनलाइन आवेदन प्रारूप में उचित स्थान पर उसे भरने के दौरान करना होगा।

ज) उम्मीदवार अपने रिकार्ड के लिए आवेदन पत्र प्रिंट-आउट और भुगतान विवरण, यदि कोई हो, की प्रति रखनी चाहिए। आवेदन पत्र का प्रिंट-आउट और भुगतान विवरण **31.12.2017 (रविवार) को 23:59 बजे** के बाद उपलब्ध नहीं होगा।

झ) आवेदन एक बार करने के बाद, वापस लेने के लिए अनुमति नहीं दी जायेगी और एक बार भुगतान किये गये शुल्क को किसी भी परिस्थिति में वापस नहीं किया जाएगा न ही किसी अन्य भर्ती या चयन प्रक्रिया के लिए आरक्षित रखा जा सकता है।

ञ) प्रत्येक उम्मीदवार से प्रत्येक पद कोड के लिए केवल एक ही आवेदन पर विचार किया जाएगा। **यदि कोई उम्मीदवार एक ही पद कोड लिए विभिन्न पंजीकरण संख्याओं और/या अलग-अलग ई-मेल आईडी के साथ कई ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत करता है, तो केवल नवीनतम पूर्ण आवेदन पर विचार किया जाएगा।**

ट) सीएसआईआर प्रयोगशालाओं / संस्थानों, सरकारी विभागों, स्वायत्त निकायों और सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रमों में कार्यरत नियमित कर्मचारियों से प्राप्त आवेदनों पर तभी विचार किया जाएगा जब ऑनलाइन आवेदन के साथ अनापत्ति प्रमाणपत्र (एनओसी) नियोक्ता द्वारा जारी इस प्रमाणपत्र के साथ, कि आवेदक को, यदि चयन किया जाता है, तो नियुक्ति आदेश प्राप्त होने के एक माह के अंदर कार्य-भार मुक्त किया जाएगा, अपलोड किया गया है। सतर्कता निर्बाधता को भी उक्त अनापत्ति प्रमाणपत्र में दर्ज किया जाना चाहिए।

ठ) अपूर्ण आवेदनों (अर्थात् बिना फोटोग्राफ, हस्ताक्षर और आवेदन शुल्क भुगतान न करना (जहाँ भी लागू हो), और नीचे बिन्दु 5 के अंतर्गत उल्लेख किए गए संलग्नकों को अपलोड किए बिना) पर विचार नहीं किया जाएगा और सरसरी तौर पर अस्वीकार किये जा सकते हैं।

5. आवेदन के अनुलग्नक के रूप में निम्नलिखित दस्तावेजों को एक ही पीडीएफ के रूप में (15 एमबी से अधिक नहीं) अपलोड करना आवश्यक है:

अ) एस एस सी / 10वीं कक्षा प्रमाणपत्र (जन्म तिथि भी दर्शाने वाला)

आ) एस एस सी / 10वीं कक्षा अंक सूची

इ) इंटरमीडिएट / 10+2 प्रमाणपत्र।

ई) इंटरमीडिएट / 10+2 अंक सूची

उ) स्नातक प्रमाणपत्र

ऊ) स्नातक अंक सूची

ऋ) स्नातकोत्तर प्रमाणपत्र

ए) स्नातकोत्तर अंक सूची

ऐ) पीएच.डी. (प्रस्तुत/ प्राप्त) प्रमाणपत्र

ओ) जाति प्रमाणपत्र (जहाँ भी लागू हो), भारत सरकार द्वारा निर्धारित प्रारूप में।

औ) कार्य अनुभव प्रमाणपत्र, यदि कोई हो।

अं) अनापत्ति प्रमाणपत्र (एन ओ सी) जहाँ भी लागू हो।

अः) उच्च योग्यताओं से संबंधित प्रमाणपत्र, यदि कोई हो।

क) विकलांगता (जहां कही भी लागू हो) से संबंधित प्रमाणपत्र निर्धारित प्रपत्र में।

ख) ऑनलाइन आवेदन पत्र में निर्धारित स्थान पर संलग्न किए जाने वाले प्रकाशित शोध पत्रों से युक्त पीडीएफ फाइल(लें)।

आवेदन पत्र की या किसी दस्तावेज की कागज प्रति भेजने की आवश्यकता नहीं है।

इस विज्ञापन के संबंध में आगे की किसी भी सूचना जैसे साक्षात्कार की तिथि, समय और स्थान, कोई परिशिष्ट / शुद्धि-पत्र या पदों की संख्या में कोई परिवर्तन / पद(दों) को रद्द करना आदि केवल सीएसआईआर-एनजीआरआई वेबसाइट www.ngri.org.in के माध्यम से उपलब्ध कराई जाएगी। इसलिए उम्मीदवारों को तदनुसार नियमित रूप से वेबसाइट देखते रहने की सलाह दी जाती है।

किसी भी रूप में पक्ष-प्रचार करना और / या राजनीतिक या अन्यथा प्रभावित करना पद(दों) के लिए अयोग्यता मानी जाएगी।

किसी भी अंतरिम पूछताछ या पत्राचार पर विचार नहीं किया जाएगा।

ह/-

प्रशासन नियंत्रक